देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 21.04.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने किसानों की सहायता के लिए 25 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त गेंहू के निर्यात को मंजूरी दी।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा, पर्यटन और शादियों के सीजन को देखते हुए राज्य सरकार ने आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को लेकर तैयारी तेज की।
- पछवादून के किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रही स्ट्रॉबेरी की खेती। लाखों रुपए की कमाई कर आर्थिकी कर रहे मजबूत।
- कल खोले जाएंगे केदारनाथ धाम के कपाट। रुद्रप्रयाग पुलिस–प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कीं।

गेंहू निर्यात मंजूरी

केंद्र सरकार ने किसानों के लाभ और घरेलू बाजारों की स्थिरता के लिए अतिरिक्त 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं के निर्यात को अपनी मंजूरी दे दी है। यह निर्णय उत्पादन अनुमानों, स्टॉक की उपलब्धता और मूल्य रुझानों की समीक्षा के बाद लिया गया है। केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि इस साल रबी फसल में गेहूं की बुवाई बढ़कर 334 लाख हेक्टेयर से ज्यादा हो गई है।

एलपीजी

प्रदेश में चारधाम यात्रा, पर्यटन और शादियों के सीजन को देखते हुए राज्य सरकार ने आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को लेकर तैयारी तेज कर दी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के सचिव आनंद स्वरूप ने एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी जारी की है। एसओपी में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि चारधाम यात्रा मार्गों, पर्यटन स्थलों और शहरी क्षेत्रों में एलपीजी सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिला प्रशासन, पूर्ति विभाग और तेल कंपनियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मांग बढ़ने की स्थिति में भी आपूर्ति प्रभावित न हो। सचिव आनंद स्वरूप ने स्पष्ट किया है कि चारधाम यात्रा मार्ग पर मांग के अनुरूप गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है।

श्री स्वरूप ने पेट्रोल–डीजल की कमी को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही खबरों को भ्रामक और निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि आमजन और यात्रियों को किसी भी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा और सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी तरह नियंत्रण में हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बागेश्वर द्वारा ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके तहत 35 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर भावना रावत ने बताया कि महिलाओं को ब्यूटीशियन से जुड़ी तकनीकी बारिकियों के साथ ही स्वरोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं की भी जानकारी दे रही हैं।

तनुजा चौबे ने बताया कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद वह अपना खुद का ब्यूटी पार्लर खोलेगी। उनका कहना है कि इस तरह का प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं के लिए एक बड़ा अवसर है, जिससे वे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं।

स्ट्रॉबेरी खेती

देहरादून के पछवादून में किसान पारंपरिक खेती छोड़कर स्ट्रॉबेरी की ओर रुख कर रहे हैं और लाखों की कमाई कर रहे हैं। अब किसान गेहूं–धान के पारंपरिक चक्र से निकलकर नकदी फसल की ओर बढ़ रहे हैं और स्ट्रॉबेरी इस बदलाव की अगुवाई कर रही है। इस खेती की खास बात है इसकी आधुनिक तकनीक– टपक सिंचाई और मल्चिंग के जरिए कम पानी में भी अच्छी पैदावार ली जा सकती है। कृषि वैज्ञानिक ए.के. शर्मा ने बताया कि नई तकनीक के साथ किसान नकदी फसलों की ओर बढ़ रहे हैं और स्ट्रॉबेरी की खेती से अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं।

किसान पल्ली राम ने बताया कि सितंबर–अक्टूबर में लगाई गई फसल दिसंबर से फल देना शुरू कर देती है और मार्च–अप्रैल तक लगातार आमदनी का जरिया बनती है।

एक एकड़ में स्ट्रॉबेरी की खेती में शुरुआती लागत करीब 2 से 3 लाख रुपये आती है, लेकिन सही देखभाल और बाजार मिलने पर यही खेती तीन से पांच गुना तक मुनाफा दे सकती है।

केदारनाथ/सुरक्षा व्यवस्था

केदारनाथ धाम के कपाट कल सुबह आठ बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। यात्रा को लेकर रुद्रप्रयाग पुलिस–प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में पुलिस की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने बताया कि भीड़ प्रबंधन के साथ ही केदारनाथ पैदल मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

इस बीच, आज बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली, गौरीकुण्ड से केदारनाथ धाम के लिए रवाना हो गई है।

घरेलू गैस/जुर्माना

पौड़ी जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन व पूर्ति विभाग द्वारा व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 18 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इनमें 12 गैस गोदाम और छह व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल रहे। उन्होंने बताया कि बीरोंखाल क्षेत्र में छह घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक दुरुपयोग करने पर करीब 14 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि जिले में एलपीजी गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए विभाग द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।